दिन–रविवार दिनांक– 22 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में गंगा और अन्य नदियों में उफान के कारण बारह जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। कई नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैला। लगभग तेरह लाख लोग प्रभावित।

02. कृषि विभाग ने बाढ़ के कारण फसलों को हुए नुकसान पर किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की।

03. राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्ती अभियान में लोगों की सुविधा के लिए तीन महीने की छूट देने का निर्णय किया।

04. और, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू। आयुष्मान भारत से वंचित लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को मिलेगा लाभ।

————————————————————

पटना, बेगूसराय, सारण, मुंगेर समेत राज्य के बारह जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंगा और सहायक नदियों के जलस्तर में भारी वृद्धि के कारण बाढ़ का पानी कई निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है जिससे लगभग तेरह लाख की आबादी प्रभावित है। पटना, वैशाली और बेगूसराय के दियारा क्षेत्रों में हालात बेहद खराब है। बेगूसराय के बलिया, मटिहानी और तेघरा प्रखंडों में एक बड़ी आबादी को पलायन करना पड़ा है। इधर, पटना के दानापुर में गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लाया गया है। प्रशासन की ओर से सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए भी आश्रय स्थल और चारे का प्रबंध किया जा रहा है। बाढ़ का प्रभाव भागलपुर–जमालपुर के बीच सड़क यातायात पर भी पड़ा है। बरियारपुर के पास राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या अस्सी पर पानी आ जाने से वाहनों का परिचालन प्रभावित है।

बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के बलिया, तेघड़ा, मटिहानी, साहेबपुर कमाल सहित आठ अंचल बाढ से प्रभावित हैं। जिला प्रशासन की ओर से राहत कार्य तेज कर दिया गया है।

———बाईट———

बेगूसराय में आठ अंचलों में लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित है। कई इलाकों में जहां गाड़ियां चलती थी वहां लोग नाव से आवाजाही के लिए मजबूर हो गये हैं। इधर, जिला प्रशासन के अलावा कई सामाजिक और राजनैतिक संगठन भी बाढ राहत में जुट गये हैं। जिला प्रशासन की ओर से

बाढ पीड़ितों के लिए सामुदायिक रसोई बनायी गयी है। इधर गंगा नदी में उफान के कारण बछवाडा में रिंग बांध पर दबाव बढ़ गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

गंगा नदी में उफान के कारण मुंगेर जिले के छह से अधिक प्रखंड बाढ से प्रभावित हुए हैं । हमारे संवाददाता ने बताया कि कई स्थानों पर बाढ़ का पानी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या अस्सी और स्टेट हाइवे 333 के ऊपर बह रहा है।

---बाईट---

बरियापुर और मुंगेर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या अस्सी पर बाढ का पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। वहीं बरियापुर और खड़गपुर के बीच स्टेट हाइवे पर जगह जगह गंगा नदी का पानी चढ गया है। बरियारपुर, असरगंज, सदर प्रखंड और खड़गपुर प्रखंड के गांव बाढ के कारण सबसे अधिक प्रभावित हैं। वहीं दियारा क्षेत्रों में खेतों में खड़ी फसल के अलावा हरी सब्जियों को काफी नुकसान पहुंचा है। बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं और सड़कों के किनारे शरण लिये हुए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

गंगा नदी में उफान का सबसे अधिक असर पटना जिले में देखा जा रहा है। जिले के सदर प्रखंड, मनेर, दानापुर, अथमल गोला, बख्तियारपुर में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। पटना सिटी इलाके में तख्त श्री हरिमंदिर साहब गुरुद्वारा को जोड़ने वाले कंगन घाट की सड़क बाढ में डूब गयी है। निचले इलाकों में कई घरों में बाढ का पानी प्रवेश कर गया है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित इलाकों में एक सौ आठ नावों का परिचालन किया जा रहा है और बारह समुदायिक रसोई संचालित की जा रही है। एक रिपोर्ट–

---बाईट---

पटना जिले में बाढ के कारण लगभग एक लाख लोग प्रभावित हुए हैं । बाढ़ का पानी शहर के कई हिस्सों में निचले इलाकों में फैल गया है । पिछले एक सप्ताह से गंगा नदी का जलस्तर गांधी घाट, दीघा घाट, मनेर, हाथीदह में खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है । जलस्तर में अप्रत्याशित बढोतरी के कारण बाढ से प्रभावित लोग अपने घर छोडकर पलायन कर गये हैं । पटना शहर में मेरिन ड्राईव रोड पर बाढ़ पीड़ित अपने परिवार के सदस्यों और पशुओं के साथ डेरा डाले हुए हैं । पटना जिला प्रशासन की ओर से कई सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही है ।आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन ।

इधर, खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के परबत्ता गोगरी, मानसी और खगड़िया प्रखंड में बाढ़ पीड़ितों के बीच काफी नाराजगी है। लोग राहत शिविर लगाने और समुदायिक रसोई संचालित करने की मांग कर रहे है।

भागलपुर जिले में कहलगांव, सुल्तानगंज , सबौर, पीरपैंती , नाथनगर प्रखंड के कई इलाके बाढ से प्रभावित हुए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बड़ी संख्या में सड़के डूब गयी हैं। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर इंजीनियरिंग कॉलेज और ट्रीपल आईआईटी परिसर में बाढ़ का पानी फैला हुआ है।

———बाईट———

गंगा नदी के उफान का असर जिले दियारा के साथ साथ शहरी इलाकों में भी देखा जा रहा है । जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या अस्सी पर कई स्थानों पर बाढ़ का पानी चढ गया है । सबौर प्रखंड के भवनाथपुर के पास एन एच अस्सी पर बाढ का पानी आ जाने से यातायात बाधित है । जिले कई स्थानों पर सड़के धंस गयी है । भीषण कटाव के कारण गंगा किनारे स्थित कई स्कूल और आवासीय परिसर नदी में समा गये हैं । आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार

शेखपुरा जिले में घाट कुसुंबा क्षेत्र में बाढ़ के कारण तीन सौ बीघा क्षेत्र मे खड़ी फसल क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रखंड के पानापुर आलापुर सहित दर्जनों गांव गंगा की सहायक हरोहर नदी की बाढ़ से प्रभावित हुए है। जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने प्रभावित क्षेत्र का आज दौरा किया।

———————————————————————————

बाढ़ के कारण राज्य में रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। गंगा नदी में बाढ़ का पानी मुंगेर के रतनपुर और भागलपुर के सुल्तानगंज स्टेशनों के बीच रेल पुल के अत्यंत करीब पहुंच गया है। कुछ स्थानों पर रेल गार्डर के ऊपर पानी बह रहा है। हालात को देखते हुए पूर्व रेलवे ने जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया है। आठ अलग–अलग ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। जबकि बीस रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कई रेलगाड़ियों का आंशिक प्रारंभ और आंशिक समापन अलग–अलग स्टेशनों पर किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि रेल पटरियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और कई स्थानों पर कटाव रोकने के लिए भी कार्य किए जा रहे है।

———————————————————————————

मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुंगेर, खगड़िया और लखीसराय जिलों में बाढ़ के कारण स्नातक पार्ट वन परीक्षा और पार्ट टू की परीक्षा को अगले आदेश तक रद्द कर दिया है।

———————————————————————————

कृषि विभाग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को हर तरह की सहायाता भी उपलब्ध करायेगा। पटना में समीक्षा बैठक के बाद विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि पंचायतवार फसल क्षति का आकलन किया जायेगा। उन्होंने कहा

कि इसके लिए जिला कृषि पदाधिकारी और अन्य अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों को खेतों में जाकर फसल क्षति का आकलन कर उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि विभाग बाढ़ प्रभावित किसानों को अगली फसल लगाने के लिए भी सहायता देगा।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के दक्षिण—मध्य और पूर्वी भागों में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश की आशंका है। वज्रपात की आशंका को देखते हुए इस अवधि में लोगों को सावधानी बरतने का परामर्श जारी किया गया है।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्ती अभियान मे जिन लोगों के पास कागजात नहीं है। उन्हें तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

———बाईट———

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने भूमि सर्वेक्षण को रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से समाज में कलह और विवाद बढ़ रहा है।

———————————————————————

राज्य के गरीबों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जायेगी। आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पुरे होने की पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज पटना में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि योजना के तहत लगभग 58 लाख राशन कार्ड धारकों को इसका लाभ मिलेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केन्द्र से सीतामढ़ी स्थित माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम के लिए सड़क और रेल संपर्क विकसित करने का आग्रह किया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है। श्री कुमार ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण और अयोध्या नगरी के विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सीतामढ़ी के पुनौराधाम का भी व्यापक धार्मिक महत्व है। इसलिए अयोध्या से सीतामढ़ी तक बन रहे राम जानकी मार्ग के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित मंत्रालय को निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच वंदे भारत ट्रेन के परिचालन के लिए भी अनुरोध किया है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उनतीस सितम्बर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगें। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के अलावा दूरदर्शन समाचार और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी दिन के ग्यारह बजे प्रसारित किया जायेगा। लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपन विचार टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर साझा कर सकते है।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक अत्यंत आवश्यक है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड में गरीब महिलाओं और मुसलमानों के वंचित वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिलाना है।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और हम प्रमुख जीतनराम मांझी ने नवादा के कृष्णानगर में महादलित बस्ती में आग लगाए जाने की घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। श्री मांझी ने आज पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए स्थानीय प्रशासन दोषी है। श्री मांझी ने विपक्षी दलों पर आरोपियों को मदद पहुंचाने का आरोप भी लगाया।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटो के दौरान डेंगू के एक सौ चालीस नये मामलों की पुष्टि हुयी है। पटना में अस्सी मरीज मिले हैं। राज्य में अबतक डेंगू के दो हजार तीन सौ ग्यारह मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

———————————————————————————

01. प्रदेश में गंगा और अन्य नदियों में उफान के कारण बारह जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। कई नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैला। लगभग तेरह लाख लोग प्रभावित।
02. कृषि विभाग ने बाढ़ के कारण फसलों को हुए नुकसान पर किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की।
03. राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्ती अभियान में लोगों की सुविधा के लिए तीन महीने की छूट देने का निर्णय किया।
04. और, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू। आयुष्मान भारत से वंचित लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को मिलेगा लाभ।

———————————————————————————

समाप्त